Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding setting up of a Textile Hub in Ujjain

श्री अनिल फिरोजिया (उज्जैन): माननीय सभापति जी, आपने मुझे महत्वपूर्ण विषय सदन में रखने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

माननीय सभापति जी, नब्बे के दशक में उज्जैन टेक्सटाइल हब हुआ करता था। हीरा मिल, इंदौ टेक्सटाइल, विनोद मिल, समय-काल के गर्त में वे धीरे-धीरे सब खत्म हो गए। बाबा महाकाल के अलावा उज्जैन में रोजगार का कोई साधन नहीं है। मैं आपके माध्यम से कपड़ा मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत सात टेक्सटाइल हब देश में देने का निर्णय लिया है, उसमें से आप अगर एक टेक्सटाइल हब उज्जैन में देंगे, तो बड़ी कृपा होगी। धन्यवाद।